# हाईकोर्ट ने रिपेनल के आधार पर पी.पी., ए.पी.पी. की नियुक्ति पर लगायी रोक

## सरकार को जारी किया नोटिस, जवाब के लिए दिया 6 सप्ताह का समय



नियुक्तियों को लेकर सोमवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाया।

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने राज्य में लोक अभियोजक (पीपी) और अपरलोक अभियोजक (एपीपी) की नियुक्तियों को लेकर सोमवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। न्यायाधीश अनिल कुमार उपमन ने अजमेर के लोक अभियोजक विवेक पाराशर, अपर लोक अभियोजक राजेश कुमार ईणानी और राजेन्द्र सिंह राठौड़ की याचिका पर सुनवाई करते हुए, रिपेनल के आधार पर पीपी और एपीपी के पदों पर की जा रही नियुक्तियों पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं, साथ ही सरकार को नोटिस जारी कर छह सप्ताह में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता जावेद खान ने न्यायालय में पक्ष रखा। याचिका में कहा गया कि सरकार द्वारा लोक अभियोजक और राजकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति प्रक्रिया विधि विरुद्ध है। इस मामले को पूर्व में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने विधानसभा में भी उठाया था, जिसके चलते विधि मंत्री के पुत्र को अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद से इस्तीफा देना पड़ा था। याचिका में बताया गया कि 26 जून 2024 को विधि एवं विधिक कार्य विभाग के शासन सचिव राजेश गुप्ता द्वारा जिला कलेक्टरों को पत्र भेजा गया था, जिसमें पीपी, एपीपी, विशिष्ट लोक अभियोजक और राजकीय अधिवक्ताओं की नियुक्तियों के लिए अधिवक्ताओं का अतिरिक्त पैनल मांगने के निर्देश दिए गए थे।

इस प्रक्रिया को याचिकाकर्ताओं ने चुनौती दी, जिसके बाद न्यायालय ने इस पर रोक लगाते हुए सरकार से जवाब तलब किया है।

सोमवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर लोक अभियोजक विवेक पाराशर, सहित राजकीय अधिवक्ता राजेन्द्र सिंह राठौड, राजेश कुमार ईणानी, ब्रजेश कुमार पाण्डे, विक्रम सिंह शेखावत, मंजुर अली, गंगाराम रावत, अशरफ बुलंद खान, गुलाम नजमी फारूखी, रूपेन्द्र कुमार परिहार, अशोक गुर्जर आदि ने प्रेसवार्ता आयोजित कर जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि न्यायालय ने सरकार की नियुक्ति प्रक्रिया पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा कि इस प्रक्रिया को नए सिरे से विधिवत प्रारंभ किया जाना चाहिए। इस मामले में उच्च न्यायालय के जोधपुर और जयपुर बेंच में भी सुनवाई चल रही है। मालूम हो कि अजमेर के अधिवक्ता सुनील समदरिया ने भी उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है, जिसमें उन्होंने अतिरिक्त महाधिवक्ता पदमेश मिश्रा की नियुक्ति को लिटिगेशन पॉलिसी के विपरीत बताया है। इसके चलते न्यायालय ने सरकार को इस पर भी नोटिस जारी किया है। राजकीय अधिवक्ता संघर्ष समिति ने मांग ने मांग की है कि सभी नियुक्तियों की प्रक्रिया को नए सिरे से शुरू किया जाए और उच्च न्यायालय के आदेश की पालना सुनिश्चित की जाए।

# अभियान के तहत 162 अपराधियों को किया गिरफ्तार

**ब्यावर, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एक दिवसीय अभियान के तहत जिले के समस्त थानों द्वारा आपराधिक तत्वों, वांछित अपराधियों, अवैध खनन के विरूद्ध कार्रवाई, गैर जमानती वारंट, 299 जा. फौ. / धारा 173 (8) जा. फौ. में फरार अपराधियों, घोषित अपराधियों, जैर तफतीश प्रकरणों में फरार वांछित मुल्जिामानों के साथ साथ ईनामी अपराधियों एवं थाना व जिला स्तर के टॉप-10 अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर एक दिवसीय अभियान के तहत एरिया डोमीनशन की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान जिला पुलिस के 155 पुलिस कर्मियों को सम्मिलित कर कुल 39 टीमों का गठन किया जाकर जिले के विभिन्न स्थानों के साथ साथ जिले के बाहर व राज्य के बाहर करीबन 239 स्थानों पर दबिश दी गई। इस दौरान कुल 162 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

दबिश के दौरान जिला पुलिस की समस्त टीमों ने प्रभावी कार्रवाई की जिसमें स्थाई वारण्टी अपराधी 26, गिरफ्तारी वारण्ट 65 टॉप-10 अपराधी 4, जघन्य अपराधो में वांछित अपराधी 2, अन्य प्रकरणों में वांछित अपराधी 5 , अन्य कार्रवाई की गई।

# आत्मीय समारोह में साहित्य अमृत सम्मान प्रदान किया

- राम जैसवाल, बक्शीश सिंह और गोपाल माथुर को साहित्य अमृत सम्मान प्रदान

**अजमेर, (कासं)।** शहर के वरिष्ठ साहित्यकार राम जैस्वाल, बक्शीश सिंह और गोपाल माथुर को आज एक आत्मीय समारोह में साहित्य अमृत सम्मान प्रदान किया गया। प्रगतिशील लेखक संघ, लिटरेरी सोसाइटी ऑफ इंडिया और अजयमेरु प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी डी.एल. त्रिपाठी ने की। इस अवसर पर तीनों वरिष्ठ साहित्यकारों को शॉल, श्रीफल और मानपत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में रासबिहारी गौड़ ने कहा कि यह समारोह अपने अनुभवों और संवेदनाओं की विरासत शब्दों के माध्यम से कई पीढ़ियों तक पहुँचाने वाले अपने अग्रजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन की भावना से आयोजित किया गया है। आज सम्मानित होने वाले साहित्यकार उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं जिन्होंने न केवल इस शहर को साहित्यिक संस्कार दिए बल्कि अपनी रचनाओं के माध्यम से पूरे देश भर में एक पहचान भी दी।

इस अवसर पर डॉ. अनंत भटनागर ने राम जैस्वाल के व्यक्तित्व और कृतित्व की जानकारी देते हुए कहा कि वर्ष 1935 में जन्मे जैस्वाल उन विरले रचनाकारों में से एक हैं जिनकी सृजन यात्रा करीब सात दशकों से अनवरत जारी है। जैस्वाल की विशेषता यह भी है कि उनकी साहित्य और कला दोनों ही क्षेत्रों में समान रूप से प्रतिष्ठा है। एक ओर जहाँ धर्मयुग, साप्ताहिक हिंदुस्तान और सारिका जैसी चर्चित पत्रिकाओं के माध्यम से उनकी ख्याति देश भर में पहुँची, वहीं भारत के विभिन्न शहरों में आयोजित अपनी चित्र प्रदर्शनियों के माध्यम से उन्होंने चित्रकला जगत में भी अपनी खास पहचान बनायी। इस अवसर पर राम जैस्वाल को दिए गए सम्मान पत्र का वाचन मधु खंडेलवाल ने किया।

इस अवसर पर राम जैस्वाल, बक्शीश सिंह, गोपाल माथुर, नवलकिशोर भाबड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन रासबिहारी गौड़ ने किया। आभार प्रदर्शन रमेश अग्रवाल ने किया।

# कमेटी के आबिद देशवाली सदर नियुक्त

**अजमेर, (कासं)।** बाबा फूल पीर साहब के जमात खाने में सुन्नत वल जमात की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बारा शहर काजी अब्दुल कय्यूम ने की। मोहम्मद आबिद देशवाली को सदर, सचिव जोई अलीफ अंसारी और कोषाध्यक्ष के पद पर इरफान अशरफी नियुक्त किया गया।

बैठक में अब्दुल सलाम कादरी, रईस उद्दीन शेख, जाकिर मंसूरी, शाहिद कुंडी, इरफान अंसारी, फिरोज खान, शाहिद इकबाल भाटी, शाहिद हुसैन कदीर, आमीन देशवाली, मुन्ना बाबा, सलाम, इरशाद अंसारी, हनीफ काजी, समीर मयूर, हाफिज मोहम्मद, अयूब हाफिज मोइनुद्दीन हाफिज इंसाफ, अशरफ अली, अनवर हाशमी, सलीम, अफाक, सहारा वसीम, बंटी अशफाक, मयूर, पिंकू आदि उपस्थित रहे।

# शिवि कालानी व आर्या कालानी सम्मानित


ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट से समानित करते हुए।

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** जयपुर में प्रांतीय स्तर पर आयोजित यूसीएमएएस कॉम्पीटिशन में किशनगढ़ की होनहार बिटिया शिवि कालानी को प्रथम रनर अप आई एवं आर्या कालानी को ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट से समानित किया गया। एफएल 1 वर्ग में किशनगढ़ की बिटिया शिवि कालानी पुत्री सीए साकेत-सीए अंकिता कालानी ने प्रथम रनर अप में आकर राजस्थान सहित कालानी परिवार का नाम रोशन किया। शिवि नेशनल कॉम्पिटेशन की तैयारी करेंगी। शिवि की बड़ी बहन आर्या कालानी ने भी ग्रेजुशन कर डिग्री प्राप्त की। दोनों बिटिया की शानदार उपलब्धि पर परिवारजनो ने हर्ष व्यक्त किया।

# विश्व हिंदू परिषद का 60वां स्थापना दिवस मनाया

- परमसूदा विधायक ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए सभी वर्ग को आना होगा तभी हम धर्म की रक्षा एक जुट होना जरूरी है

**मसूदा, (निसं)।** विश्व हिंदू परिषद ने सोमवार को 60वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके परमसूदा विधायक द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर कहा कि धर्म की रक्षा के लिए सभी वर्ग को आना होगा तभी हम धर्म की रक्षा एक जुट होना जरूरी है। मसूदा स्थित अखाड़े वाले बालाजी मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद द्वारा बेठक का आयोजन किया गया। विश्व हिंदू परिषद के ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के ब्यावर परियोजना प्रमुख पृथ्वीसिंह भोजपुरा तथा सतीश व्यास आदि ने अतिथियों के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने विश्व हिंदू परिषद के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए सभी को संगठित होने का आव्हान किया।अन्य वक्ताओं ने कहा कि संगठन में ही शक्ति है। बिना संगठित हुए किसी की भी सुरक्षा तथा विकास नहीं हो सकता है। अतः सभी को एकजुट होकर हिंदू धर्म की रक्षा के लिए काम करते रहना है।

कार्यक्रम के दौरान प्रबुद्धजनों को दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस दौरान ने दलों में दल बजरंग दल, भारत माता की जय, वंदे मातरम जय श्रीराम तथा देश की रक्षा कौन करेगा हम करेंगे-हम करेंगे सरिके नारे लगाते हुए कार्यक्रम स्थल को गूंजायमान कर दिया।

# पायलट के जन्म दिवस पर रक्त दान 7 को

**पुष्कर, (निसं)।** कांग्रेस महासचिव पूर्व उपमुख्यमंत्री राजस्थान सचिन पायलट के जन्म दिवस पर आगामी 7 सितंबर को विशाल रक्तदान शिविर के लिए पोस्टर विमोचन का किया गया।

पुष्कर एनएसयूआई अध्यक्ष मधुसूदन पाराशर के नेतृत्व में पुष्कर कांग्रेस कार्यालय से ब्रह्मा मंदिर तक पैदल मार्च निकाल कर रक्त दान करने को प्रोत्साहन किया गया ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नसीराबाद विधायक प्रत्याशी श्री शिवप्रकाश गुर्जर, अरशद इंसाफ,लक्की जैन, हानिश मरोटिया, दिनेश गुर्जर, हेमंत गुर्जर,देव पाराशर, गिरीराज सोलंकी, प्रवीण गुर्जर,तरुण गुर्जर,रवि गुर्जर, ओम प्रकाश गुर्जर, मोंटू सेन,पंकज पाराशर,पंकज नामा, गणेश पाराशर, गज्जू पाराशर, महेश नायक, समर तेजी, रमेश गुर्जर, आदित्य, विशाल, अंकुश,विजय,शिवा जी,आदि अनेक एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# झारखंड के सी.एम. ने लगाई ख्वाजा नवाज की दरगाह में हाजरी


झारखण्ड के सीएम हेमंत सोरेन ने दरगाह में जियारत की।

**अजमेर, (कासं)।** झारखण्ड में चढ़ रहे राजनितिक हढ़चढ़ के बीच आज झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी एक दिवसीय धार्मिक यात्रा पर अजमेर पहुचे, जहां उन्होंने भाजपा नेताओं द्वारा दिए जा रहे बयानों को ढ़ेकर कहा की वे हमारे विपक्ष के ढ़ोग है विपक्ष में रहकर कुछ भी बोढ़ सकते है।

यहाँ उन्होंने सूफी संत ख्वाजा मोइनुदीन हसन चिश्ती की दरगाह में हाजरी ढ़गाकर अकीदत के फुढ़ व मखमली चादर पेश कर अमन चैन व खुशहाली की कामना की। इस मौके पर हेमंत सोरेन ने मखमढ़ी चादर भी ख्वाजा के दर पर पेश की और झारखण्ड के साथ ही पूरे देश और दुनिया में अमन चैन की दुआ की।

सोरेन को दरगाह जियारत अंजुमन कमेटी के सचिव सरवर चिश्ती ने जियारत करवाई और दस्तारबंदी कर तबर्रूक तकसीम किया। मीडिया द्वारा शिवराज सिंह द्वारा ढ़गाये गए आरोपो पर किए गए सवाढ़ पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे विपक्ष के नेता है विपक्ष में रह कर कुछ भी बोढ़ सकते हैं और उन्होंने कहा कि ख्वाजा साहब की दरगाह में जियारत कर देश और प्रदेशवासी सभी एक साथ भाईचारे के साथ रहे। एक-दूसरे का हाथ पकड़कर चढ़ते आए हैं। आगे भी चढ़ते रहें, यही दुआ मांगी है।

# लर्न एंड अर्न स्टार्टअप आईडिया वर्कशॉप का आयोजन

## वद्धर्मान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में सहायक नवाचार निदेशक दीपन साहू ने की शिरकत, छात्राओं को सिखाए स्टार्टअप के गुण


लर्न एंड अर्न स्टार्टअप आईडिया वर्कशॉप का आयोजन किया।

**ब्यावर, (निसं)।** श्री वद्धर्मान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वद्धर्मान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में छात्राओं को स्टार्टअप के गुण सिखाने और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लर्न एंड अर्न स्टार्टअप आईडिया वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल के सहायक इनोवेशन निदेशक दीपन साहू, प्राज्ञ कॉलेज, बिजयनगर के सचिव अनुराग चोरडिया व आल इंडिया जैन माइनॉरिटी फेडरेशन के राज्य अध्यक्ष विमल जी रांका ने शिरकत की।सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य डा. आर.सी. लोढा ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि हमारा ध्येय छात्राओं को लर्न और अर्न मन्त्र के आधार पर आगे बढ़ाते हुए महिला सशक्तिकरण और छात्राओं की शिक्षा के लिए आये-दिन नवीन अभिगम अपनाना है। यह सभी व्याख्याताओं की मेहनत और छात्राओं की लग्न का ही परिणाम है की आज वद्धर्मान की छात्राएं विश्व भर में एक अलग पहचान बनाए है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल के सहायक इनोवेशन निदेशक दीपन साहू ने छात्राओं को स्टार्टअप करने के तीन मुख्य आयामों क्रमशः जिज्ञासा, रचनात्मकता और नवीन विचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उद्यमी यात्रा के लिए उनका मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने महाविद्यालय में महानगरीय सुविधाएँ प्रदान कराने हेतु प्रबंधन की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय भौतिक एवम शैक्षिणक विकास से नए आयाम स्थापित करने में सफल रहा है। महिला शिक्षा जगत में रचनात्मक एवम व्यक्तित्व निर्माण के क्षेत्र में सृजनकारी बहुद्देशीय परिवर्तनों को प्राथमिकता प्रदान करते हुए श्री वद्धर्मान ग्रुप के शिक्षण संस्थान क्वालिटी एजुकेशन के साथ-साथ स्किल आधारित शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।कार्यक्रम के समापन के अवसर पर वद्धर्मान शिक्षण समिति मंत्री डा. नरेन्द्र पारख ने पधारे हुए अतिथियों को धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा की हमारे महाविद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है की सूर्य के समान प्रकाशमान अतिथि हमारे प्रांगण में पधारे और छात्राओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन पूजा कांजानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अकादमिक प्रभारी डा. नीलम लोढ़ा सहित समस्त संकाय सदस्य व छात्राएं उपस्थित रही।

# 'मेरा जूता है जापानी समूह गान की रही यादगार प्रस्तुति'

- जग में रह जाएंगे प्यारे तेरे बोढ़ थीम पर इल्मस सदस्यों ने गायक मुकेश को हृदय से स्वरांजढ़ी देकर कार्यक्रम को यादगार बनाया

**अजमेर, (कासं)।** इंडिया इंटरनेशनढ़ म्यूजिक ढ़वर्स सोसायटी ने आज मुकेश नाइट कार्यक्रम में जग में रह जाएंगे प्यारे तेरे बोढ़ थीम पर इल्मस सदस्यों ने गायक मुकेश को हृदय से स्वरांजढ़ी देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

जयपुर रोड स्थित रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में रूमानी गीतों में अध्यक्ष गणेश चौधरी ने पत्नी रानी के साथ महबूब मेरे तू है तो दुनिया, महासचिव कुंज बिहारी ढ़ाढ़ ने रशिम मिश्रा के साथ हर दिढ़ जो प्यार करेगा और वंदना मिश्रा के साथ क्या खुब ढ़गती हो बड़ी सुन्दर, कुमकुम जैन ने हमसफर मेरे हमसफर, नरेश रतनानी ने उषा मित्तढ़ के साथ चुरा ढ़ेना तुझको और रशिम मिश्रा के साथ सावन का महीना पवन करे शोर, नीरज मिश्रा एंव वंदना मिश्रा जे हम तुम चोरी से और उषा मित्तढ़ के साथ किसी राह में किसी मोड पर आढ़ोक वर्मा ने कभी कभी मेरे दिढ़ में अनिढ़ जैन ने चांद सी महबूबा मेरी कब के रोमांटिक सत्र के बाद संस्थापक डॉ ढ़ाढ़ थदानी के ऊषा के साथ संसार है इक नदिया के दौरान सभागार ने मुक्त कंठ से तारीफ़ की।

श्याम पारीक के एक दिन बिक जाएगा माटी गीत और पत्नी अर्चना पारीक के साथ तेरे होठों के दो फूढ़ प्यारे में सदस्य भी झूम उठे। मस्ती और छेड़खानी वाढ़े गीतों को सचिव कमढ़ शर्मा ने मेरा नाम राजू घराना अनाम, अशोक दरयानी के ताश के बावन पत्ते, अनूप गौड का तौबा ये मतवाढ़ी चाढ़, ढ़क्ष्मण हरजानी ने बोढ़ राधा बोढ़ संगम गणेश चौधरी ने ओ महबूबा तेरे दिढ़ के पास और ढ़ोकेश त्रिपाठी के डम डम भीगा भीगा ने मस्ती का माहोढ़ बना दिया।

दर्द भरे नगमों में उपाध्यक्ष डॉ दीपा थदानी ने कोई जब तुम्हारा हृदय तोड़ दे, शरद कुमार शर्मा ने तुम जो हमारे मीत ना होते, आजाद अपूर्वा ने मुझको इस रात की तन्हाई, मीना कंजानी ने जुबां पे दर्द भरी दास्तां, दीपक भार्गव ने जाने कहाँ गये वो दिन, उपाध्यक्ष गोपेन्द्र पाढ़ सिंह ने राम करे ऐसा हो जाए, सुषमा शर्मा के जिक्र होता है जब कयामत का गानों को भी खूब तारीफ़ मिढ़ी।

## सार-समाचार

### हैट्रिक लेकर मैन ऑफ द मैच बने



**आसीन्द, (निसं)** राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 16 वर्षीय राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में लोकेश भारती ने आज सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर मे राजसमंद के खिलाफ 4.2 ओवर मे 07 रन देकर 05 विकेट झटके व प्रथम मैच के मैन ऑफ द मैच बने व प्रतियोगिता की प्रथम हेट्रिक, 01 ओवर मैडन डालकर पहला पंजा अपने नाम किया व भीलवाड़ा टीम ने 100 रन बनाये व राजसमंद टीम 66 रनो पर ऑल आउट हो गयी थी भीलवाड़ा टीम ने राजसमंद टीम को 33 रनो से हराया। आसींद की एकमात्र 10 स्क्वायर स्पोर्ट्स एकेडमी में क्रिकेट का प्रशिक्षण ले रहे है। एकेडमी के संचालक सुरेंद्र कुमार कुमार व निर्मल सिंह शेखावत व फील्डिंग कोच मनीष शर्मा ने बताया कि छोटे से गाँव बाला जी खेड़ा बरसनी में रहता है लोकेश ने काफी मेहनत के बाद यह मुकाम हासिल किया। गोपाल माली ने बताया कि लोकेश भारती हमारे सरस्वती उच्च माध्यमिक विधालय आसीन्द 11 वी कक्षा में अध्ययन रत है। विधालय मे सभी स्टाफ व बच्चो मे लोकेश का राज्य स्तर पर चयन व प्रथम मैच में मैन ऑफ द मैच बनने पर खुशी जाहिर की।

### मेले में श्रद्धालुओं की भीड़

**बिजयनगर, (निसं)।** सिंधी कॉलोनी स्थित बखेडिया बाबा की मंडी में स्थितभगवान शनि देव के मंदिर पर सोमवार को मेले का आयोजनहुआ। शनि देव मंदिर के महंत प्रमोद गिरी महाराज एवं गुरु चेला परमानंद गिरि ने बताया कि प्रतिवर्षभादवा बुदी अमावस्या को लगने वाले मेले की पूर्व संध्या पर भगवान शनि देव के मंदिर से गाजे बाजे के साथ ज्योति जुलूस निकाला गया। ज्योति जुलूस शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस बखेड़िया बाबा की मंडी पहुंचा ।मंदिर परिसर में रविवार रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया भजन संध्या में बदनोर एण्ड पार्टी के कलाकारों द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी ।सोमवार प्रात काल से ही भगवान शनिदेव के मन्दिर पर दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही श्रद्धालुओं ने शनि देव को नारियल अगरबत्ती प्रसाद एवं तेल चढाकर भगवान शनि देव सेअपने परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की। मेले प्रांगण में मनोरंजन के लिए झूले चकरीके साथ खाने पीने की स्टालों पर लुत्फ उठायाया मेलार्थियों ने बच्चों के लिए खिलौने गुब्बारे की खरीदारी की।

### गंगेश्वर महादेव की स्थापना पुष्कर में

**पुष्कर, (निसं)।** पुष्कर की बोकोलिया हताई बड़ी बस्ती में बोकोलिया विकास समिति की ओर से आगामी 7 सितंबर को गंगेश्वर महादेव मंदिर में शिव परिवार व अन्य देवी देवताओं की मूर्ति स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया जायेगा। भागचंद सूर्या ने बताया की । पुष्कर की बोकोलिया हताई बड़ी बस्ती में बोकोलिया विकास समिति की ओर से आगामी 7 सितंबर को गंगेश्वर महादेव मंदिर में शिव परिवार व अन्य देवी देवताओं की मूर्ति स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया जायेगा। समिति के हनुमान प्रसाद बोकोलिया ने बताया कि दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ 6 सितंबर को सुबह देव स्थापना एवं हवन के साथ होगा। रात्रि को जागरण का आयोजन किया जायेगा। 7 सितंबर को सुबह कस्बे में कलश यात्रा निकाली जायेगी। दोपहर 12.15 बजे महादेव, शिव परिवार, हनुमानजी, अन्नपूर्णा माता, खाटू श्याम, काले गोरे भैंरूजी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, पालिकाध्यक्ष कमल पाठक, अजमेर के पूर्व मेयर कमल बाकोलिया आमंत्रित किया गया है।

### श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**पुष्कर, (निसं)।** पुष्कर में सोमवार को भाद्रपद्र मास की सर्वपितृ अमावस्या सोमवती अमावस्या के विशेष संयोग के साथ मनाई गई । इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने पुष्कर सरोवर में सोमवती अमावस्या का स्नान व पितृ कर्म कर धर्म लाभ कमाया अलसुबह से ही श्रद्धालुओ को रेला शुरू हो गया जो देर शाम तक चलता श्रद्धालुओ की घाटों मंदिरों और बाजारों में भारी भीड़ देखने को मिली। गंनगौर घाट, बद्री घाट पर महा आरती की गई। पुष्कर सरोवर में सोमवती अमावस्या के स्नान का विशेष महत्व होता है। इसी के चलते सोमवार को दिनभर अमावस्या के विशेष संयोग पर श्रद्धालु पवित्र सरोवर में अपने दिवंगतों की आत्मशांति के लिए पिंडदान व तर्पण किया साथ ही सरोवर में स्नान कर ब्रह्मा मंदिर समेत मंदिरों के दर्शन कर धर्मलाभ कमायें वहीं शाम को अमावस्या के उपलक्ष्य में गणगौर घाट पर श्री तीर्थ गुरु कृपा महाआरती संघ की ओर से पितृ व शहीदों की स्मृति में महाआरती की गई। संघ के प्रवक्ता इन्द्र सिंह पंवार ने बताया कि सरोवर की महाआरती तीर्थ पुरोहित पं. किशन गोपाल पाराशर ने की इससे पूर्व सरोवर का दुग्धाभिषेक एवं पूजन किया गया।

### पानी भराव को लेकर किया प्रदर्शन

**अजमेर, (कासं)।** नगर निगम के वार्ड संख्या 37 विकास नगर के क्षेत्रवासियों ने सोमवार को नगर निगम में प्रदर्शन कर क्षेत्र में पानी भराव की समस्या को लेकर मेयर ब्रजलता हाड़ा को ज्ञापन सौंपा। क्षेत्रवासियों का आरोप रहा कि स्थानीय पार्षद उनकी समस्या को लेकर गंभीर नहीं है तथा जब भी क्षेत्रवासी समस्या को लेकर व शिकायत करते हैं तो वह कोई संतुष्टि पूर्वक जवाब नहीं देते। पानी भरने के कारण सबसे ज्यादा स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, मेयर ब्रजलता हाड़ा ने क्षेत्रवासियों आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही समस्या का निदान कराया जाएगा। क्षेत्रवासी पहली बार अपनी समस्या लेकर नगर निगम आए थे, निगम प्रशासन सभी समस्याओं के निदान में तत्परता रखता है।

### सफाई व्यवस्था के दिए निर्देश

**आसींद, (निसं)।** जिला कलक्टर भीलवाड़ा नमित मेहता के निर्देशानुसार सोमवार को उपखंड अधिकारी आसींद उम्मेद सिंह राजावत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ केंद्र पर चल रहे निर्माण कार्य का देखा, स्वास्थ्य केंद्र पर सफाई व्यवस्था में कमी मिलने पर नाराजगी जताई तथा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए । चिकित्सा प्रभारी से डॉ भंवर लाल शर्मा से अस्पताल में ओपीडी, चिकित्सकों की उपलब्धता, अस्पताल में की जा रही जांचों, दवाओं की उपलब्धता सहित अन्य चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली तथा मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर एस नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहे।

### कलश यात्रा व ध्वजा यात्रा निकाली

**अजमेर, (कासं)।** प्राचीन श्री बाबा रामदेव मन्दिर, नौसर घाटी, पुष्कर रोड, अजमेर में आज सोमवार 2 से 4 सितम्बर से नानी बाई का मायरा कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। श्री रामदेव जी मन्दिर, सेवा समिति के अध्यक्ष ललित अग्रवाल के अनुसार मायरे की कथा का वाचन विख्यात कथावाचक श्री अशोक जी विजयवर्गीय, जयश्री श्याम न्यूज चैनल वाले के अपनी मधुर वाणी से मीठी मारवाड़ी में करेंगे। कथा 2 से 04 सितम्बर 2024 तक आयोजित की जाएगी। कथा का शुभारम्भ आज 2 सितम्बर को श्री सिद्धेश्वर महादेव मन्दिर, अलखनंदा कॉलोनी से प्राचीन बाबा रामदेव मन्दिर तक 151 कलशों की भव्य कलश यात्रा व ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही सांवरिया सेठ का नगर भ्रमण होगा।

### धरना प्रदर्शन किया

**शाहपुरा, (निसं)।** नई राज्यास ग्राम वासियों द्वारा बिजली से परेशान होकर सोमवार बिजली विभाग फुलिया कला पर धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के सहायक अभियंता कनिष्ठ अभियंता का घेराव किया। तुरंत समस्या पर सहायक अभियंता द्वारा संज्ञान लेने के बाद ग्राम वासियों वापिस रवाना हुए। इस मौके पर सीताराम बावरी, शिवराज,जगदीश प्रजापत, लक्ष्मण बावरी कन्हैया लाल, देवी लाल, ग्यारसी लाल, प्रहलाद रामधन ,फोरु भील ,प्रकाश, कालू अभिषेक ,ओम प्रकाश, पुखराज बेरवा ,नारायण ,गोविंद, महावीर, राकेश भील सूरज भील, रामकरण कालू भील गंगाराम सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### शिविर का आयोजन आज

**अजमेर, (कासं)।** पीएम सूर्य घर योजना के लिए प्रबंध निदेशक अजमेर डिस्कॉम के निर्देशानुसार पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजढ़ी योजना के लिए सहायक अभियंता (पवस) अविविनिढ़ि नसीराबाद उपखण्ड कार्याढ़य प्रांगण मे 3 सितम्बर 2024 को प्रातः 11 बजे पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजढ़ी योजना के प्रचार - प्रसार के लिए शिविर का आयोजन किया जायेगा।

